भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. +**3024**
बुधवार, **21** मार्च, **2018/30** फाल्गुन, **1939** (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड में पर्यटन का विकास

+**3024.** श्री महेन्द्र सिंह माहराः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तराखंड को पर्यटन के विकास के लिए दी गई निधियों के उपयोग प्रमाण-पत्र लम्बित हैं;

(ख) यदि हां, तो उन सम्बन्धित योजनाओं जिनके लिए निधि जारी की गई थी, के नाम क्या हैं; और

(ग) क्या राज्य से वित्तीय वर्ष **2018-19** में सम्मिलित किए जाने के लिए पर्यटन संबंधी योजनाएं प्राप्त हुई थीं; यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ख) : जी, नहीं । उत्तराखण्ड सरकार के अनुसार उत्तराखण्ड विकास बोर्ड के पास प्रशाद और स्वदेश दर्शन योजना का कोई उपयोगिता प्रमाण पत्र लंबित नहीं है ।

(ग) : राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण एक सतत प्रक्रिया है । ये परियोजनाएं उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन, पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता और निधियों की उपलबधता की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं ।

****